प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रसन्नता व्यक्त की कि गुमला में मत्स्य क्रांति शुरू हुई और बासिया ब्लॉक के डेढ़ सौ से अधिक परिवार मछली–पालन से जुड़ चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि बहुत से लोग जो पहले नक्सल संगठन से जुड़े थे, अब दूसरों को रोजगार दे रहे हैं।

**********************

प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि स्वच्छ भारत मिशन जल्द ही 11 वर्ष पूरे कर लेगा। उन्होंने कहा कि यह मिशन एक जन आंदोलन बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े।

**********************

गिरिडीह जिले के बरमसिया बूथ नंबर 116 पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रोग्राम मन की बात को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रेरणादायक होता है।

**********************

सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस पर पश्चिम सिंहभूम के किरीबुरू में खेलो इंडिया योजना और फिट इंडिया मूवमेंट के तहत विशेष साइकिल रैली का आयोजन हुआ। सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में निकाली गई रैली में जवानों के साथ स्कूली छात्र, ग्रामीण और स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**********************

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्य–तिथि पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. कलाम ने देश के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें मिसाइल मैन के तौर पर भी जाना जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. कलाम दूरद्रष्टा, असाधारण वैज्ञानिक, प्रेरक व्यक्तित्व और महान देशभक्त थे।

**********************

एक जिला एक उत्पाद योजना अब चतरा जिले के स्थानीय कारीगरों और उत्पादों की सहभागिता सुनिश्चित करेगी। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

कोडरमा जिले में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। पहली घटना तिलैया थाना क्षेत्र की है, जहां एक तेज़ रफ्तार ऑटो मवेशी को बचाने के प्रयास में पलट गई, जिससे एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना चंदवारा थाना क्षेत्र के जामूखांडी में हुई, जहां एक मिनी बस पलट गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है।

**********************

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान तिलैया और जामताड़ा में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई, जिसमें तिलैया में 74 दशमलव 4 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने 31 जुलाई तक राज्य के कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। साथ ही उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी भागों में तेज़ हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**********************

जर्मनी में विश्वविद्यालय खेलों में, भारत की सीमा ने पांच हजार मीटर की दौड़ में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। वह इस वर्ग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला है।

उधर, भारतीय तीरंदाज़ साहिल जाधव ने पुरुष कंपाउंड वैयक्तिक स्पर्धा का स्वर्ण जीत लिया है। तीरंदाज़ी में, भारत को कुल पांच पदक मिले।

*********समाप्त**********